**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक 05.10.2023** **समय 18.30**

**0000**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोधपुर से 5 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।**

- **प्रधानमंत्री ने कहा –प्रदेश में भाजपा की सरकार आने पर पेपर लीक माफियाओं को बक्शा नहीं जायेगा।**

- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विजन 2030 डॉक्यूमेंट जारी किया।**

- **राज्य सरकार ने संविदा कार्मिकों को नियमित करने के लिए साढे 10 हजार से ज्यादा नए पदों के सृजन की मंजूरी दी।**

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार राजस्थान में रेल और सडक संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कार्य कर रही है। आज जोधपुर में उन्होंने कहा कि केन्द्र हर क्षेत्र में तेजी से विकास पर ध्यान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेलवे के विकास के लिए राजस्थान को लगभग 95 अरब रूपये आवंटित किये गये हैं। यह पिछली सरकार के वार्षिक औसत बजट से करीब 14 गुणा अधिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से 2014 तक राजस्थान में लगभग छह सौ किलोमीटर रेल लाईन का विद्युतीकरण हुआ था जबकि पिछले नौ वर्ष में तीन हजार सात सौ किलोमीटर से अधिक रेल लाईन का विद्युतीकरण किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजस्थान के 80 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा के अब रेलवे स्टेशनों को हवाई अड्डों की तरह विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई रेल और सड़क परियोजनाओं से राज्य के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। इनसे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढावा और पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा।

.....

प्रधानमंत्री ने जोधपुर से लगभग 5 हजार करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें सडक रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने जोधपुर के एम्स में 3 सौ पचास बिस्तर वाले ट्रोमा सेंटर और क्रिटीकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया। उन्होंने राज्य में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और संरचना मिशन के तहत सात क्रिटीकल ब्लॉक का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने आईआईटी जोधपुर का अत्याधुनिक परिसर भी राष्ट्र को समर्पित किया। यह अत्याधुनिक परिसर 11 अरब 35 करोड रुपए से अधिक की लागत से बनाया गया है। उन्होंने जोधपुर हवाई अड्डे में 480 करोड रुपए की लागत के अत्याधुनिक नए टर्मिनल भवन के विकास की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने करीब 14 अरब 75 करोड रुपए की लागत की कई सडक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने राजस्थान में दो नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें जैसलमेर को दिल्ली से जोड़ने वाली नई ट्रेन – रुणिचा एक्सप्रेस और मारवाड़ जंक्शन को कांबली घाट से जोड़ने वाली एक नई हेरिटेज ट्रेन शामिल हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने दो अन्य रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित की, इनमें 145 किमी लंबी डेगाना–राई का बाग रेल लाइन और 58 किमी लंबी डेगाना–कुचामन सिटी रेल लाइन के दोहरीकरण की परियोजनाएं शामिल हैं।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है देश में 2014 के बाद ऐसी नीतियां बनायी गयीं, जिनसे गरीबी तेजी से कम हो रही है और साढे 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। श्री मोदी आज जोधपुर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीबी क्या होती है, उसकी तकलीफें कैसे होती है, यह वे अच्छे से जानते हैं। महिला आरक्षण विधेयक का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक के पास होने के बाद विपक्ष बौखलाया हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का दबदबा बढ रहा है। देश की अर्थव्यवस्था दसवें नंबर पर थी, अब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। और वह दिन दूर नहीं जब देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। श्री मोदी ने कहा कि राजस्थान में 5 साल सरकार एक कदम भी नहीं चली। यहां 24 घंटे कुर्सी का खेल चलता रहा। लाल डायरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आयी तो भ्रष्टाचार के सारे राज खोले जायेंगे। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पेपर लीक माफिया ने यहां के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। राजस्थान का युवा इंसाफ मांग रहा है। चुनाव के समय बेरोजगारी भत्ते का वादा करने वाली कांग्रेस ने युवाओं को माफियाओं के हवाले कर दिया। ऐसे हर माफिया के खिलाफ भाजपा सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

.....

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महिला विधायक खुद असुरक्षित महसूस करती है, ऐसे में सरकार प्रदेश की बालिकाओं की सुरक्षा कैसे कर पायेगी। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हुई महिला अपराध की घटनाओं का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भाजपा आएगी तो महिला सुरक्षा लाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बेटियों की परेशानी से मतलब नहीं है। पानी की समस्या राजस्थान में है, केंद्र सरकार हर घर में नल कनेक्शन पहुंचाना चाहती हैं, लेकिन यहां की सरकार काम में रुकावट डाल रही है। बाद में राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री को जोधपुर से लौटने पर भावभीनी विदाई दी। राज्यपाल ने श्री मोदी को अपनी लिखी पुस्तक षिशक्षा की संस्कृतिष की प्रति भी भेंट की।

00000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड कल एक दिवसीय दौरे पर राजस्थान आएंगे। वे सीकर जिले के लक्ष्मणगढ में मोदी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करेंगे। अपनी इस एक दिवसीय यात्रा में उपराष्ट्रपति त्रिवेणी धाम, सांगलिया धूणी और वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन भी करेंगे।

00000

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज जयपुर में आयोजित समारोह में 2030 का विजन डॉक्यूमेंट जारी किया। कार्यक्रम में सभी मंत्री, बोर्ड निगमों के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस दौरान श्री गहलोत ने 12 हजार 700 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उन्होंने  जो वादे किए हैं, वो निभाएं हैं। उन्होंने घोषणा पत्र को कैबिनेट में रखवाया और उसी के हिसाब से योजनाएं बनायीं गयीं। श्री गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार ने काम करने में कोई कमी नही रखी है। कार्यक्रम में श्री गहलोत ने कुछ घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि ओला, उबर, स्विगी, जोमैटो समेत इंटरनेट आधारित कम्पनियों में काम करने वाले गिग वर्कर्स जैसे डिलीवरी बॉय, कैब चालक  को राजस्थान सरकार के साथ पंजीकरण करवाने पर हेलमेट, ड्रेस, जूते खरीदने के लिए पांच हजार रूपये दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि अब बालिकाओं और महिलाओं को रोडवेज का मासिक पास बनवाने पर किराये में 90 प्रतिशत छूट दी जाएगी। श्री गहलोत ने मंत्रालयिक कर्मचारी निदेशालय बनाये जाने का ऐलान भी किया।

**00000**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज मुख्यमंत्री आवास से 100 फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल–एफआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन विभिन्न जिलों के पुलिस बेड़े में शामिल किए जायेंगें। इन सभी वाहनों में आधुनिक मोबाईल डाटा टर्मिनल, कैमरा, एनवीआर, वायरलेस सेट, जीपीएस पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फर्स्ट एड बॉक्स, स्ट्रेचर, हेलमेट और अन्य आपातकालीन उपकरण लगे हैं। ये वाहन कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर्स में ईआरएस डायल 112 से जुड़े रहेगें। इनकी वास्तविक लोकेशन को ट्रैक भी किया जा सकेगा।
आमजन द्वारा आपातकालीन स्थिति में डायल 112 पर की गई सभी कॉल्स नजदीकी एफआरवी को भेजी जाएगी जिससे उन्हें शीघ्र सहायता मिलेगी और अपराधों की बेहतर रोकथाम भी सुनिश्चित हो सकेगी।

0000

राज्य सरकार ने राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स–2022 के अंतर्गत संविदा पर काम कर रहे 10528 कार्मिकों को नियमित करने के लिए नए पदों के सृजन की मंजूरी दी है। महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्यरत 9 वर्ष या इससे अधिक का कार्यानुभव रखने वाले संविदा कार्मिकों के लिये 4966 नए पद सृजित किये जायेंगे। इसी तरह मदरसा बोर्ड में संविदा पर काम कर रहे 5562 कार्मिकों के लिये नये पद सृजित करने की मंजूरी दी गई है।

00000

श्रीगंगानगर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र द्वारा अमृत कलश यात्रा का ब्लॉक स्तरीय आयोजन 48वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के जवान, बीएसएफ स्कूल के छात्र और नेहरू युवा केंद्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में युवाओं को पंच प्रण शपथ दिलायी गई। उधर सवाईमाधोपुर जिले में मेरी–माटी–मेरा–देश अभियान के दूसरे चरण के ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम कल आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत माटी और चावल से भरे अमृत कलश संग्रहित किए जाएंगे। कार्यक्रम में स्काउट एनसीसी युवा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

00000

चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों के 12वें दिन भारत ने अब तक तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। तीरंदाजी में कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक मिला है। फाइनल में ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की टीम ने दक्षिण कोरिया को 230 के मुकाबले 235 अंक से हराया। महिला कंपाउंड स्पर्धा में ज्योति सुरेखा, परनीत और अदिति की तिकड़ी ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीता। स्क्वॉश मिक्स्ड डबल्स फाइनल में दीपिका पल्लीकल और हरिन्दर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने मलेशिया की आइफा आजमान और मोहम्मद की जोडी को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुरूष सिंगल्सा में भारत के

सौरव घोषाल को रजत पदक मिला। कुश्ती में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक जीत लिया है। भारत 21 स्वर्ण, 32 रजत और 33 कांस्य सहित कुल 86 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि देश की सांस्कृतिक प्रबुद्धता में विविधता महान संतों की शिक्षाओं के सामान्य धागों से जुडी है। उन्होंने कहा कि देश के महान संतों की शिक्षा एक भारत श्रेष्ठ भारत के सामूहिक विचार को और मजबूत करती है। श्री रामलिंगा स्वामी की 200वीं जयंती के अवसर पर वीडियों सन्देश में प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री रामलिंगा स्वामी देश के सर्वाधिक सम्मानित संतों में से एक थे।

00000